Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो
(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जयपुर में कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) का प्रवर्तन अधिकारी 1 लाख 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास की तलाशी में 9 लाख रूपये से अधिक की नकदी मिली, मौके पर कार्यवाही जारी**

जयपुर, *26 मार्च, मंगलवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर जयपुर शहर द्वितीय इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **दीपक बडजात्या, प्रवर्तन अधिकारी कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रिय कार्यालय निधि भवन विधुत मार्ग ज्योति नगर जयपुर** को परिवादी से **1 लाख 50 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जयपुर शहर द्वितीय को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि मेरी फर्म की 5 साल की इन्सपेक्शन रिपोर्ट तैयार करने की एवज में प्रति वर्ष 50 हजार रूपये के हिसाब से कुल **2 लाख 50 हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री डॉ. रवि** के सुपरविजन में एसीबी जयपुर शहर द्वितीय इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह** के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **श्री अभिषेक पारीक उप अधीक्षक पुलिस** द्वारा मय टीम **श्री छोटीलाल पुलिस निरीक्षक** एवं अन्य के ट्रेप कार्यवाही करते हुए **आरोपी प्रवर्तन अधिकारी दीपक बडजात्या** को परिवादी से **1 लाख 50 हजार रुपये (60 हजार रूपये भारतीय चलन मुद्रा एवं 90 हजार रूपये डमी नोट)** रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी प्रवर्तन अधिकारी के मानसरोवर जयपुर स्थित निवास पर **श्री बहादूर सिंह उप अधीक्षक पुलिस,** एसयू–प्रथम इकाई जयपुर की टीम द्वारा ली गई तलाशी में **9 लाख रूपये** से अधिक की नकद राशि मिली है। मौके पर कार्यवाही जारी है।

एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री डॉ. रवि के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**